राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK



# राष्ट्रीय आवास बैंक विश्व पर्यावास दिवस, 2026

के अवसर पर

अपनी हिंदी गृह पत्रिका

# 'आवास भारती'

के विशेषांक के प्रकाशन हेतु निम्न विषयों पर

## निबंध/आलेख आमंत्रित करता है:

- प्रधानमंत्री आवास योजना: आवास से सम्मानजनक जीवन तक
- शहरीकरण और पर्याप्त आवास: अवसर, चुनौतियां और समाधान
- आवास वित्त की भूमिका: हर परिवार को अपने घर का अवसर
- सुरक्षित घर, सुरक्षित भविष्य



**नोट: ऊपर दिए गए 04 विषयों में से किसी एक विषय पर लेख दे सकते हैं।**

पत्रिका में लेख हेतु अधिकारी एवं कर्मीगण अपनी रुचि अनुसार दिए गए विषयों में से किसी एक का चयन कर सरल हिंदी का प्रयोग करते हुए साधारण बोलचाल की भाषा में लेख लिखकर प्रेषित करें जिसे अधिक से अधिक पाठकगण पढ़ने और समझने में रुचि ले सकें



## पुरस्कार

| | | | |
|---|---|---|---|
| प्रथम | द्वितीय | तृतीय | अन्य प्रत्येक प्रकाशित लेख हेतु लेखकों को प्रोत्साहन |
| ₹12,000 | ₹10,000 | ₹8,000 | ₹3,000 |

# निबंध/आलेख आमंत्रण



## महत्वपूर्ण निर्देश एवं नियम

- यह प्रतियोगिता आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान, सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों, नरेडको एवं क्रेडाई के अधिकारी एवं कर्मीगण के लिए है।
- दिनांक **28 अगस्त 2026**, शुक्रवार तक प्राप्त लेखों में से चयनित लेखों को विशेषांक में शामिल किया जाएगा; निर्धारित अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले लेख पर विचार नहीं किया जाएगा।
- संगठनों के राजभाषा विभाग में कार्यरत अधिकारी एवं कर्मचारी भी भाग ले सकते हैं।
- सभी चयनित लेखकों को विशेषांक की एक प्रति भेजी जाएगी; इसके अतिरिक्त पत्रिका की सॉफ्ट प्रति भी बैंक की वेबसाइट **www.nhb.org.in** पर अद्यतित की जाएगी।
- चयनित लेखों में से प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले लेखकों को क्रमश: **₹12,000/-**, **₹10,000/-** व **₹8,000/-** की राशि प्रदान की जाएगी तथा प्रत्येक प्रकाशित लेख हेतु लेखकों को प्रोत्साहन राशि के तौर पर **₹3,000/-** की राशि दी जाएगी।
- लेख अनिवार्य रूप से हिन्दी में यूनिकोड/कृतिदेव फोंट आदि में टाइप किया हो तथा **1,500** से **2,000** शब्दों तक सीमित हो। लेख के अंत में कुल शब्दों की संख्या अवश्य लिखें।
- लेख हिंदी में ही टाइप किए गए हों। टाइप किए हुए लेख ही स्वीकृत किए जाएंगे, अन्य किसी प्रकार से भेजे गए लेखों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। शब्द सीमा का उल्लंघन करने वाले लेखों को अपात्र माना जाएगा।
- मौलिकता का प्रमाणपत्र, लेखक का परिचय एवं स्पष्ट फोटो लेख के साथ इस पत्र के साथ संलग्न फॉर्म में भरकर राष्ट्रीय आवास बैंक के राजभाषा विभाग को ईमेल **Rajesh.kumar@nhb.org.in** पर भेजें। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु श्री राजेश कुमार, सहायक प्रबंधक को **011 – 3917 7453** अथवा **+91 9602307291** पर संपर्क किया जा सकता है।
- ईमेल के माध्यम से प्राप्त लेखों को ही स्वीकार किया जाएगा अन्य किसी भी माध्यम से लेख प्रेषित न करें।
- पुरस्कृत लेखों पर राष्ट्रीय आवास बैंक का सर्वाधिकार होगा एवं पुरस्कार विजेता लेख को अन्यत्र नहीं छपवाएगा।
- प्रतिभागी प्रेषित लेख पर कहीं भी अपना नाम, पता, संस्था का नाम आदि न लिखें अन्यथा प्रविष्टि स्वीकार नहीं की जाएगी।
- प्रतियोगिता के परिणाम की सूचना बैंक की वेबसाइट **www.nhb.org.in** पर अद्यतित की जाएगी।
- राष्ट्रीय आवास बैंक के पास पुरस्कृत लेखों को अपनी किसी पुस्तक अथवा पत्रिका में प्रकाशित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
- प्रतियोगिता के संबंध में राष्ट्रीय आवास बैंक का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।



अनुलग्नक

फोटो

## राष्ट्रीय आवास बैंक की गृह पत्रिका 'आवास भारती' विशेषांक 2026 - घोषणा पत्र

1. मैं ............................................................... यह प्रमाणित करता/करती हूं की मैं ................................................................................................................ शाखा/कार्यालय में .................................................... के पद पर तैनात हूं।

2. मैं यह घोषणा करता/करती हूं कि संलग्न ............................................................ लेख स्वलिखित है तथा पहले कहीं प्रकाशित नहीं है न ही प्रकाशनार्थ भेजा गया है। मेरे द्वारा इस लेख को राष्ट्रीय आवास बैंक को प्रोषित करने हेतु आवश्यक अनुमति संगठन से ले ली गयी है।

हस्ताक्षर : ......................................................

नाम : ......................................................

पता : ......................................................

......................................................

......................................................

संपर्क सं./मोबाईल नं. : ......................................................

ईमेल : ......................................................

स्थान : ......................................................

दिनांक : ......................................................

*पते में किसी भी परिवर्तन के सम्बन्ध में राष्ट्रीय आवास बैंक को यथाशीघ्र सूचित करने का कष्ट करें।

**कार्यालय की मुहर**